Sir Arthur Conan Doyle's

SHERLOCK HOLMES

शरलॉक होम्स

SILVER BLAZE

सिल्वर ब्लेज़

आलोक श्रीवास्तव

आदित्य श्रीवास्तव

Sir Arthur Conan Doyle's

Sherlock Holmes

शरलॉक होम्स

Silver Blaze

सिल्वर ब्लेज़

हिंदी लेखन

आलोक श्रीवास्तव

सह-लेखन एवं कवर डिज़ाइन

आदित्य श्रीवास्तव

सह-लेखन और संपादन

आशा श्रीवास्तव

चित्र

सिडनी पेजिट

SILVER BLAZE

सिल्वर ब्लेज़

SILVER BLAZE

सिल्वर ब्लेज़

एक सुबह जब हम अपने नाश्ते पर एक साथ बैठे ही थे कि होम्स ने कहा, “वॉटसन, मुझे खेद है कि मुझे जाना होगा।”

“जाना होगा! कहाँ?”

“डार्टमूर; किंग्स पीलैंड।”

मुझे हैरत नहीं हुयी। वास्तव में, मुझे केवल यह ताज्जुब था कि वह अभी तक इस असाधारण मामले, जो पूरे इंग्लैंड में चर्चा का विषय बना हुआ था, में शामिल नहीं हुआ था। अपनी पाइप को सबसे तेज काली तम्बाकू से बार-बार भरते और सुलगाते हुए मेरा साथी—अपनी ठुड्डी को अपनी छाती पर रखे और अपनी भौंहों को सिकोड़े, और मेरे किसी भी सवाल या टिप्पणी को पूरी तरह से अनसुना करते हुए—पूरा दिन कमरे में इधर-उधर टहल चुका था। हर अखबार के नये संस्करण को, जिसे हमारे अख़बार वाले द्वारा ऊपर भेजा गया था, केवल सरसरी नजर दौड़ा कर एक कोने में

नीचे फेंक दिया गया था। हालांकि वह चुप था, किन्तु मैं अच्छी तरह से जानता था कि यह क्या बात थी जिस पर वह चिन्तन कर रहा था। लोक-सामान्य के सामने सिर्फ एक ही समस्या थी जो उसकी विश्लेषण क्षमता को चुनौती दे सकती थी, और वह थी–वैसेक्स कप के बाबत पसंदीदा (घोड़े) का असाधारण ढंग से गायब होना, और इसके प्रशिक्षक की दुःखद हत्या। इसलिये, जब उसने अचानक ही इस नाटक के घटनास्थल पर जाने के अपने इरादे की घोषणा की, तो यह केवल वह बात थी जिसके होने की मैंने अपेक्षा और कामना की थी।

“यदि मैं तुम्हारे रास्ते में रोड़ा न बनूं, तो तुम्हारे साथ चलने में मुझे बेहद ख़ुशी होगी।” मैंने कहा।

“मेरे प्यारे वॉटसन, साथ चलकर तुम मुझ पर बड़ी मेहरबानी करोगे। और मैं समझता हूँ कि तुम्हारा समय ज़ाया नहीं जाएगा, क्योंकि इस मामले में कई बिंदु हैं जो पूरी तरह से इसका बेजोड़ होना संभावित बनाते हैं। मेरे विचार से, पैडिंगटन स्टेशन पर अपनी ट्रेन पकड़ने के लिए अभी हमारे पास समय है, और हमारी यात्रा के दौरान इस मामले पर मैं आगे बात करूंगा। अपनी सबसे बेहतरीन दूरबीन को अपने साथ लेकर तुम मुझ पर एहसान करोगे।”

और फिर हुआ यह कि एक घंटे या उससे कुछ अधिक समय, बाद मैंने खुद को रेलगाड़ी के प्रथम-श्रेणी के डिब्बे के एक कोने में पाया जो एक्सेटर[1] के लिए अपने पथ पर तेज रफ्तार से बढ़ी चली जा रही थी, जबकि शरलॉक होम्स का कान उसके ट्रेवलिंग कैप से टकरा रहा था और उसका तेज, उत्सुक चेहरा पैडिंगटन स्टेशन से खरीदे गये ताजा अखबारों के बंडल में फौरन डूब गया था। इससे पहले कि वह अपने आखिरी अख़बार को अपनी

---

[1] एक्सेटर (Exeter)—डिवन, इंग्लैंड में स्थित एक ऐतिहासिक शहर

सीट के नीचे ठेलता और अपने सिगार-केस को मुझे ऑफर[2] करता हम रीडिंग[3] को बहुत पीछे छोड़ चुके थे।

"हम अच्छी गति से चल रहे हैं," खिड़की से बाहर झांकते हुए और अपनी घड़ी को देखते हुए, उसने कहा। "इस समय हमारी रफ्तार साढ़े तिरपन मील प्रति घंटा है।"

"मैंने चौथाई मील के खंभों को गौर नहीं किया।" मैंने कहा।

"न ही मैंने। मगर इस पंक्ति पर टेलीग्राफ़ के खम्भे साठ गज की दूरी पर हैं, और इसलिए हिसाब लगाना आसान है। मैं मान लेता हूँ कि जॉन स्ट्रेकर की हत्या और 'सिल्वर ब्लेज़' के गायब होने, के इस मामले को तुमने सावधानी से देखा होगा?"

"इस बारे में 'टेलीग्राफ' और 'क्रॉनिकल' में जो छपा है वह मैंने देखा है।"

"यह उन मामलों में से एक है जहाँ रीजनर[4] के कौशल का इस्तेमाल नये साक्ष्यों को जुटाने की बजाय ब्यौरों की छानबीन के लिए किया जाना चाहिए। यह दुःखद घटना बहुतों के लिए इतनी असाधारण, इतनी परिपूर्ण और इस तरह से निजी महत्व की रही है कि हम अनुमान, अटकलबाजी और परिकल्पना की बहुलता से पीड़ित हैं। तथ्य, सुनिश्चित रूप से इनकार न किये जा सकने वाले तथ्य, के खाके को सिद्धांतवादियों और पत्रकारों के अतिरंजन से अलग करना एक समस्या है। फिर इसके बाद, इस युक्तियुक्त आधार पर खुद को रखते हुए यह देखना हमारी जिम्मेदारी है कि क्या निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं और वे कौन से विशेष बिंदु हैं जिन पर

---

[2] ऑफर (offer)—किसी को कोई चीज देने के लिए, उस चीज को सामने करते हुए आगे बढ़ाना।

[3] रीडिंग (Reading)—इंग्लैंड का एक उपनगर

[4] रीजनर (reasoner)—वह व्यक्ति जो तर्क देता है।

यह पूरा रहस्य करवट बदलता है। मंगलवार की शाम मुझे कर्नल रॉस, घोड़े के मालिक, और इंस्पेक्टर ग्रेगरी, जो इस मामले को देख रहा है, दोनों के तार मिले थे, जिनमें मेरा सहयोग चाहा गया है।"

"मंगलवार की शाम!" मैंने चिल्ला कर कहा। "और आज वृहस्पतिवार की सुबह है। तुम बीते कल क्यों नहीं गये थे?"

"क्योंकि मैंने भारी भूल की, मेरे प्यारे वॉटसन—जो, मुझे शंका है, किसी ऐसे आदमी, जो मुझे केवल तुम्हारे वृतांतों के जरिये जानता हो, की तुलना में बाकियों के लिए एक बहुत ही आम घटना है। तथ्य यह है कि मैं यकीन नहीं कर सका था कि इंग्लैंड के सबसे ज्यादा उल्लेखनीय घोड़े का लम्बे समय तक छिपाया जा सकना संभव है, खासतौर पर डार्टमूर के उत्तरी हिस्से जैसी जगह पर जो इतने बिरले बसा हुआ है। घंटे-घंटे पर बीते कल मैं यह सुनने की अपेक्षा कर रहा था कि उसका पता लगा लिया गया था, और यह कि उसका अपहरणकर्ता, जॉन स्ट्रेकर का हत्यारा था। हालांकि, जब

अगली सुबह हुयी और मैंने पाया कि युवा फिट्ज़रो सैम्पसन की गिरफ्तारी के अलावा और कुछ नहीं किया गया था, तब मुझे लगा कि यह मेरे लिए हरकत में आने का समय था। फिर भी कुछ हद तक मुझे लगता है कि कल का दिन व्यर्थ नहीं गया है।"

"तब, क्या तुमने कोई सिद्धांत बना लिया है?"

"चाहे जैसे मैंने इस मामले के आधारभूत तथ्यों की पकड़ बना ली है। उन्हें मैं तुम्हें गिनाऊंगा, क्योंकि एक मामले को कोई भी चीज उतना स्पष्ट नहीं करती जितना यह किसी दूसरे व्यक्ति को बताने से होता है, और मैं मुश्किल से ही तुम्हारे सहयोग की अपेक्षा कर सकता हूँ यदि मैं तुम्हें वह वस्तुस्थिति नहीं बताता हूँ जिससे हम शुरुआत करते हैं।"

अपने सिगार के कश लेता हुआ, मैं गद्दी के सहारे पीछे लेट गया, जबकि होम्स, आगे झुकते हुए, अपनी बायीं हथेली के ऊपर अपनी लम्बी-पतली तर्जनी से बिंदुओं को चेक कर रहा था। उसने मुझे उन घटनाओं का खाका दिया, जो हमारी यात्रा का सबब थे।

"सिल्वर ब्लेज़," उसने कहा, "आइसौनोमी[5] नस्ल से है और अपने पूर्वजों की भांति ही उसका एक बेहतरीन रिकॉर्ड है। अब वह अपने पांचवें साल में हैं और अपने खुशनसीब मालिक, कर्नल रॉस, के लिये वह घुड़दौड़ के मैदान में एक के बाद एक हर इनाम को जीतता आया है। इस कहर के टूटने से पहले तक वैसेक्स कप के लिए वह पहली पसंद था, उस पर तीन-एक का दांव लगता रहा है। जो भी हो, वह हमेशा से घुड़दौड़ में हिस्सा लेने वाले लोगों का सबसे बेहतर पसंदीदा घोड़ा रहा है और उसने उन्हें कभी भी निराश नहीं किया है, इस वजह से इन विपरीत परिस्थितियों में भी उस पर बहुत भारी रकम लगाई गयी है। इसलिए, यह साफ़ जाहिर है कि ऐसे बहुत से लोग होंगे, जो अगले मंगलवार को घुड़दौड़ के लिए झंडे के गिराए

[5] आइसौनोमी (Isonomy)—घोड़े की विशेष नस्ल

जाने के समय सिल्वर ब्लेज़ को वहां मैदान में मौजूद होने से रोकने में प्रबलतम रूप से हितबद्ध होंगे।

"यकीनन, इस बात को किंग्स पीलैंड, जहाँ कर्नल का प्रशिक्षण-अस्तबल है, में महसूस किया गया था। पसंदीदा घोड़े की पहरेदारी करने के लिए हर सावधानी बरती गयी थी। यह प्रशिक्षक, जॉन स्ट्रेकर, एक रिटायर्ड जॉकी[6] था जो, वेइंग-चेयर[7] के लिए बहुत ज्यादा वज़नी होने से पहले, कर्नल रॉस के लिए घुड़सवारी किया करता था। उसने पाँच वर्षों तक जॉकी के रूप में और सात वर्षों तक प्रशिक्षक के रूप में कर्नल की सेवा की थी, और उसने खुद को हमेशा ही एक जोशीला और निष्ठावान सेवक दिखाया था। उसके अधीन तीन लड़के थे, क्योंकि संस्थान छोटा है जिसमें कुल मिलाकर केवल चार घोड़े थे। इन लड़कों में से एक हर रात अस्तबल में बैठता है, जबकि बाकी दोनों अटारी में सोते हैं। ये तीनों ही लड़के बहुत ही अच्छा चरित्र रखते हैं। जॉन स्ट्रेकर, जो शादीशुदा था, अस्तबल से लगभग दो सौ गज की दूरी पर बने एक छोटे बंगले में रहता था। उसकी कोई सन्तान नहीं है, वह एक नौकरानी रखता था और आराम से जीवन बिताता था। इलाके का फेरा बहुत ही सुनसान है, लेकिन उत्तर से लगभग आधा मील की दूरी पर कुछ बंगलों का एक समूह है जिन्हें टैवीस्टॉक[8] के ठेकेदार द्वारा अशक्त बीमार लोगों तथा अन्य ऐसे लोगों के लिए बनाया गया है, जो डार्टमूर की शुद्ध वायु का आनन्द उठाने के ख्वाहिशमंद हैं। टैवीस्टॉक स्वयं वहां से दो मील दूर पश्चिम की तरफ है, साथ ही यह भी कि लगभग दो मील की दूरी पर, मूर की तरफ मैपल्टन[9] का एक बड़ा प्रशिक्षण-संस्थान है, जो लार्ड बैकवाटर का है और जिसको साइलस ब्राउन संभालता है। हर दूसरी दिशा

---

[6] जॉकी (jockey)—घुड़दौड़ का पेशेवर घुड़सवार

[7] वेइंग-चेयर (weighing-chair)—रेस कोर्स में घुड़दौड़ से पहले वज़न-कुर्सी पर घुड़सवार का वज़न लिया जाता है।

[8] टैवीस्टॉक (Tavistock)—इंग्लैंड के वेस्ट डिवन, में स्थित एक बाजारू कस्बा।

[9] मैपल्टन (Mapleton)—डर्बीशीयर डेल्स जिले में स्थित एक गाँव, जो डव नदी के समीप बसा है।

में मूर की पूर्ण निर्जनता है, जहाँ केवल कुछ घुमन्तू बंजारे रहते हैं। गत सोमवार की रात, जब यह आपदा बरपी, उस समय आम हालात ऐसे थे।

"हमेशा की तरह उस शाम भी घोड़ों को अभ्यास कराया गया और नहलाया गया था, और रात नौ बजे अस्तबल पर ताले लगा दिए गये थे। दो लड़के प्रशिक्षक के घर गये, जहाँ किचन में उन्होंने रात का खाना खाया, जबकि तीसरा, नेड हंटर, पहरेदारी के लिए रुका रहा। नौ बजने के कुछ मिनटों बाद नौकरानी, एडिथ बैक्सटर, उसका (नेड हंटर का) खाना, जिसमें मटन-करी[10] की एक थाली थी, लेकर अस्तबल गयी। वह अपने साथ पीने के लिए कुछ नहीं ले गयी थी; क्योंकि अस्तबल में पानी का एक नल है, और यह नियम था कि काम पर तैनात लड़का इसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं पी सकता था। नौकरानी अपने साथ लालटेन ले गयी थी; क्योंकि अँधेरा बहुत था और रास्ता खुले मूर तक जाता था।

"एडिथ बैक्सटर, अस्तबल से तीस गज के भीतर ही थी कि तभी एक आदमी अँधेरे से बाहर निकला और उसने उसे रुकने को कहा। जैसे ही उसने लालटेन द्वारा फेंकी जा रही

[10] मटन-करी (curried mutton)—भेड़ के गोश्त से बना पकवान

पीली रोशनी के घेरे से देखा तो पाया कि वह आदमी रईस जान पड़ता था, उसने कपड़े की टोपी के साथ स्लेटी रंग का एक ऊनी सूट पहन रखा था। पैरों में उसने गैटर[11] पहने हुए थे और घुंडी वाली एक भारी छड़ी लिए हुए था। हालांकि, वह उसके बहुत ही पीले चेहरे और उसके बर्ताव की घबराहट से बहुत ही प्रभावित हुयी थी। उसने सोचा कि उस आदमी की आयु तीस वर्ष से कुछ अधिक ही रही होगी।

" 'क्या आप बता सकती हैं कि मैं कहां हूँ?' उसने पूछा। 'मैंने मूर में सोने का मन लगभग बना ही लिया था कि तभी मैंने आपके लालटेन की रोशनी देखी।'

" 'आप किंग्स पीलैंड के प्रशिक्षण अस्तबल के समीप हैं।' वह बोली।

" 'ओह, वाकई! किस्मत का कैसा प्रेम-स्पर्श है!' वह चिल्लाया। 'मैं समझता हूँ कि एक साईस[12] लड़का वहां हर रात अकेला सोता है। शायद वह उसका खाना है जिसे आप उसके लिए ले जा रहीं हैं। अब मुझे यकीन है कि आप एक नयी पोशाक की कीमत प्राप्त करने के लिये बहुत ज्यादा अकड़बाज़ नहीं होंगी, क्या आप हैं?' अपनी वेस्टकोट की जेब से एक मुड़े हुये सफेद कागज का टुकड़ा उसने बाहर निकाला। 'देखना कि आज रात यह उस साईस-लड़के को मिल जाए, और तुम वह कीमत पाओगी जिससे सबसे खूबसूरत फ्रॉक तुम खरीद सकती हो।'

"उसके बर्ताव की संजीदगी से वह भयभीत हो गयी और अस्तबल की उस खिड़की की तरफ भागी, जिससे वह खाना दिया करती थी। यह पहले से ही खुली हुयी थी, और नेड हंटर, अंदर एक छोटी मेज पर बैठा था। जो

---

[11] गैटर (gaiter)—घुटनों तक पहने जाने वाले जूते जिनमें किनारे की तरफ इलास्टिक के नुकीले सींग बने होते हैं; उदाहरण के लिए जैसे कॉमिक पात्र बैटमैन के जूते होते हैं।
[12] अस्तबल में घोड़े की देखरेख करने वाला आदमी।

कुछ घटित हुआ था उसने वह सब उसे बताना शुरू किया था कि तभी वह अजनबी फिर से आ गया।

“ ‘गुड इवनिंग,’ खिड़की से अंदर झांकते हुए, उसने कहा, ‘मैं तुमसे कुछ बात करना चाहता था।’ लड़की ने कसम खाकर कहा है कि जैसे ही वह बोला था उसने कागज के उस छोटे पैकेट के कोने को गौर किया था जो उस अजनबी के बंद हाथ से बाहर निकला हुआ था।

“ ‘आपको यहाँ क्या काम है?’ लड़के ने पूछा।

“ ‘काम ऐसा है जो तुम्हारी जेब में कुछ रख सकता है,’ अजनबी ने कहा। ‘वैसेक्स कप में शामिल होने के लिए तुम्हारे पास दो घोड़े हैं – सिल्वर ब्लेज़ और बेयार्ड। तुम मुझे इनकी सीधे-सीधे जानकारी दो और तुम घाटे में नहीं रहोगे। क्या यह सच है कि वेइंग पोस्ट पर बेयार्ड पाँच फर्लोंग की रेस में किसी अन्य घोड़े को सौ गज से पिछाड़ सकता है, और यह कि क्या अस्तबल ने उस पर अपने पैसों को लगाया है?’

“ ‘तो तुम उन धिक्कारने योग्य दलालों में से एक हो।’ लड़का चिल्लाया। ‘मैं तुम्हें दिखाऊंगा कि किंग्स पीलैंड में हम किस प्रकार से उनकी खातिरदारी करते हैं।’ वह उछला और कुत्ता खोलने के लिए अस्तबल के दूसरी तरफ भागा। लड़की घर की तरफ भागी, किन्तु भागते समय जब उसने पीछे मुड़कर देखा तो उसने देखा कि वह अजनबी खिड़की के अंदर झुका हुआ था। हालांकि, एक मिनट बाद जैसे ही हंटर कुत्ता लेकर बाहर आया तो वह अजनबी जा चुका था, और फिर इमारतों के चारों ओर दौड़ लगाने के बावजूद लड़के को उस अजनबी का कोई सुराग नहीं मिल सका था।”

“एक मिनट।” मैंने कहा, “जब साईस-लड़का कुत्ते के साथ बाहर भागा था, तब क्या उसने अपने पीछे अस्तबल के दरवाजे को खुला छोड़ दिया था?”

“बहुत खूब, वॉटसन, बहुत खूब!” मेरे साथी ने बुदबुदाते हुए कहा “इस बिंदु की महत्ता मेरे दिमाग में इतने जोर से खटकी थी कि मामले को स्पष्ट करने के लिए बीते कल एक विशेष तार को मैंने डार्टमूर भेजा था। जाने से पहले लड़के ने दरवाजे पर ताला लगा दिया था। साथ-ही मैं यह कह सकता हूँ कि अस्तबल की खिड़की इतनी बड़ी नहीं थी कि कोई व्यक्ति इससे होकर निकल सके।”

“हंटर ने अपने साईस-साथियों के वापस आने तक इन्तजार किया, इसके बाद उसने प्रशिक्षक स्ट्रेकर को संदेश भेजा और बताया कि क्या घटित हुआ था। घटना का ब्यौरा सुनकर स्ट्रेकर उत्तेजित हो उठा, हालांकि इसके वास्तविक महत्व को वह पूरी तरह से जान पाया हो ऐसा प्रतीत नहीं होता है। फिर भी इसने उसे अस्पष्ट ढंग से सशंकित कर दिया था, और सुबह के एक बजे, जागने पर मिसेज स्ट्रेकर ने पाया कि वह कपड़े पहन रहा था। अपनी पत्नी की पूछताछ के जवाब में, उसने कहा कि घोड़ों को लेकर अपनी बेचैनी के कारण वह सो नहीं सका था, और यह कि सब कुछ ठीक था यह देखने के लिए उसका अस्तबल तक जाने का इरादा था। उसकी पत्नी ने उससे घर पर ही रहने की विनती की; क्योंकि खिड़की पर होती बारिश की पटपटाहट को वह सुन सकती थी, लेकिन पत्नी की मिन्नतों के बावजूद उसने अपनी लम्बी बरसाती को कसकर पहन लिया और घर से बाहर निकल गया।

“सुबह सात बजे जब मिसेज स्ट्रेकर उठी तो उसने पाया कि उसका पति अभी तक नहीं लौटा था। जल्दी-जल्दी में वह स्वयं तैयार हुयी, नौकरानी को बुलाया, और अस्तबल की तरफ निकल पड़ी। अस्तबल का दरवाजा खुला हुआ था; अंदर, एक कुर्सी पर गठरी बनकर बैठा हंटर पूरी तरह से

भावशून्य अवस्था में डूबा हुआ था, अस्तबल में पसंदीदा घोड़े का स्टाल[13] खाली था, और उसके प्रशिक्षक का कहीं कोई अता-पता न था।

"दोनों लड़के, जो घोड़े की साज के कमरे के ऊपर भूसा काटने की अटारी में सोये हुए थे, फुर्ती से जाग गये। उन्होंने रात के समय कुछ भी नहीं सुना था, क्योंकि वे दोनों ही गहरी नींद सोने वाले हैं। स्पष्ट रूप से हंटर बेहोशी की किसी तेज दवा के प्रभाव में था, और क्योंकि वह बिलकुल भी होश में नहीं था, इसलिए उसे खुद होश में आने के लिए सोती हुयी हालत में ही छोड़ दिया गया, जबकि बाकी दोनों लड़के, मिसेज स्ट्रेकर और उसकी नौकरानी लापता स्ट्रेकर और घोड़े की तलाश में बाहर की तरफ भागे। वे अभी भी यही उम्मीद पाले हुए थे कि किसी कारण से प्रशिक्षक घोड़े को सुबह के अभ्यास के लिए लेकर गया होगा, किन्तु घर के समीप छोटे टीले पर चढ़ने पर, जहाँ से मूर के आसपास का सारा इलाका दिखता है, वे अपने पसंदीदा गुम हुए घोड़े का कोई सुराग नहीं देख पाए और साथ ही उन्होंने कुछ ऐसा महसूस किया जिसने उन्हें सावधान कर दिया कि उस जगह पर कोई हादसा हुआ था।

"अस्तबल से लगभग चौथाई मील की दूरी पर जॉन स्ट्रेकर का ओवरकोट एक कांटेदार-झाड़ी से लहरा रहा था। इसके ठीक आगे मूर में कटोरे के आकार का एक गड्ढा है, और इसके तल में उस बदनसीब प्रशिक्षक की लाश मिली थी। किसी भारी हथियार से किये गये बेरहम प्रहार द्वारा उसके सिर को ध्वस्त कर दिया गया था, और उसकी जांघ घायल हालत में थी, स्पष्ट रूप से किसी बहुत ही धारदार हथियार से एक लम्बे, सुस्पष्ट चीरे द्वारा उसे दंडित किया गया था। हालांकि, यह स्पष्ट था कि अपने हमलाकर्ताओं के विरुद्ध स्ट्रेकर ने जोर लगाकर खुद का बचाव किया था; क्योंकि अपने दाहिने हाथ में उसने एक छोटी चाकू पकड़ रखी थी, जिसके मूठ तक खून

[13] स्टाल (stall)—अश्वशाला के अलग-अलग खाने जहाँ पर घोड़ों को अलग-अलग बाँधा जाता है|

का थक्का जमा हुआ था, जबकि अपने बाएं हाथ में उसने लाल और काले रंग के मखमली गुलुबन्द[14] को कसकर पकड़ रखा था। जिसे उस नौकरानी द्वारा पहचान लिया गया क्योंकि बीती शाम को उसे उस अजनबी द्वारा पहना गया था जो अस्तबल में आया था। अपनी भावशून्यता की अवस्था से बाहर आने के बाद हंटर ने भी गुलुबन्द के मालिकाना हक के बारे में पूरी तौर पर सकारात्मक बयान दिया था। साथ ही साथ उसे इस बात का पक्का विश्वास था कि उसी अजनबी शख्स ने खिड़की पर खड़े रहते समय, उसकी मटन-करी में बेहोशी की दवा मिलायी थी, और इस प्रकार अस्तबल को उनके पहरेदार से वंचित कर दिया था। जहाँ तक गुम हुए घोड़े की बात है, तो उस घातक खंदक के तल में पड़े कीचड़ में इस बात के काफी सारे प्रमाण मिले थे कि संघर्ष के दौरान वह (घोड़ा) वहीं था। लेकिन उस सुबह से ही वह गायब है, हालांकि एक बहुत बड़े इनाम की घोषणा कर दी गयी है, और इस बात को लेकर डार्टमूर के सभी बंजारों को सचेत कर दिया गया है, उसका कोई समाचार नहीं मिला है। आखिर में, एक विश्लेषण ने दिखाया है कि साईस लड़के द्वारा छोड़े गये बचे-खुचे रात के खाने में पर्याप्त मात्रा में चूर्ण के रूप में अफीम मिली हुयी थी, जबकि घर के बाकी लोगों

[14] छोटा स्कार्फ जिसे गले में बाँध कर शर्ट के अन्दर रखा जाता है।

ने भी उस रात बिना किसी किस्म के दुष्प्रभाव के वही पकवान खाने में खाया था।

"सभी अटकलबाजियों को एक ओर हटाने पर और यथासंभव साफ़-साफ़ कहने के बाद, ये इस मामले के मुख्य तथ्य हैं। अब संक्षेप में मैं दुहराऊंगा कि पुलिस ने इस मामले में क्या किया है।

"इंस्पेक्टर ग्रेगरी, जिसे यह मामला सौंपा गया है, बहुत ही काबिल अधिकारी है। यदि उसे कल्पनाशीलता के गुण से नवाजा गया होता तो वह अपने पेशे की महान ऊँचाई तक जा सकता था। अपने आगमन पर उसने तुरंत ही उस आदमी का पता लगा लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया जिस पर स्वाभाविक रूप से शक जाता था। उसे खोजने में थोड़ी ही कठिनाई थी; क्योंकि वह उन्हीं बंगलों में से एक में रहता था जिसका मैंने जिक्र किया है। ऐसा जान पड़ता है कि उसका नाम फिट्जरो सिम्पसन है। वह एक अच्छे कुल से और पढ़ा-लिखा आदमी है, जो अपनी सम्पत्ति घुड़दौड़ के मैदान में गंवा चुका था, और अब वह लन्दन के स्पोर्टिंग-क्लबों में सट्टे की बहियों को बनाने का थोड़ा स्थिर और फैशन परस्त काम करके जीवन बिता रहा था। उसकी सट्टे की बहियों का परीक्षण दिखाता है कि उसके द्वारा पाँच हजार पौंड का सट्टा पसंदीदा घोड़े पर दर्ज किया गया था। गिरफ्तार किये जाने के बाद उसने स्वेच्छा से बयान दिया था कि वह डार्टमूर में इस उम्मीद से आया था कि वह किंग्स पीलैंड के घोड़ों के विषय में और डीसबोराह, दूसरे पसंदीदा घोड़े, जो मेपल्टन अस्तबल के साइलस ब्राउन की जिम्मेदारी में था, के बारे में भी कुछ जानकारी हासिल कर सके। उसने इस बात से इन्कार करने की कोशिश नहीं की थी कि बीती शाम उसने वैसा ही आचरण किया था जैसा बताया जा चुका है, किन्तु उसका कहना है कि उसकी कोई अशुभ योजना नहीं थी और वह केवल खुद से जानकारी हासिल करना चाहता था। जब उसके गुलुबन्द को उसे दिखाया गया तो उसके चेहरे का रंग पूरी तरह से उड़ गया और मृतक व्यक्ति के हाथ में इसकी मौजूदगी के बारे में कुछ भी बता पाने में वह पूरी तरह से असमर्थ

था। उसके गीले कपड़े बताते थे कि बीती रात के तूफ़ान में वह बाहर ही रहा था, और उसकी छड़ी, 'पेनांग-लॉयर[15]', जिसमें लेड का वज़न लगा था, ठीक ऐसा हथियार हो सकती थी, जिसके बार-बार के किये प्रहार से भयानक चोटें की गयीं जिनके कारण प्रशिक्षक की मौत हो गयी थी। वहीं दूसरी तरफ इस आदमी के ऊपर घाव का कोई निशान नहीं था, जबकि स्ट्रेकर के चाकू की स्थिति बताती थी कि उसके आक्रमणकारियों में से कम से कम एक पर उसकी की गयी चोट का निशान होना चाहिए था। संक्षेप में अब तुम्हें सारी जानकारी मिल गयी है, वॉटसन, और यदि तुम इस बारे में कोई रोशनी डाल सको तो मैं तुम्हारा बहुत शुक्रगुजार रहूँगा।"

मैंने बड़ी दिलचस्पी के साथ होम्स के उस विवरण को सुना था जिसे अपनी स्वभावगत सुस्पष्टता से उसने मेरे सामने रखा था। हालांकि ज्यादातर तथ्यों से मैं वाकिफ था, लेकिन मैंने न ही उनके पारस्परिक महत्व को और न ही उनके परस्पर संबंध को पर्याप्त रूप से आँका था।

"क्या यह सम्भव नहीं है," मैंने सलाह दी, "कि स्ट्रेकर पर खुदा घाव उसे उसके खुद के चाकू से हुआ हो जो सिर पर किसी चोट के लगने से पहले संघर्ष के दौरान अचानक उसे हुआ हो?"

"यह सम्भव से बढ़कर है; यह संभावित है," होम्स ने कहा। "उस स्थिति में अभियुक्त के पक्ष में जो मुख्य बिंदु हैं उनमें से एक गायब हो जाता है।"

"परन्तु अभी तक मैं नहीं समझ पाया हूँ कि इस बारे में पुलिस का क्या सिद्धांत हो सकता है।" मैंने कहा।

"मुझे आशंका है कि हम जो भी सिद्धांत बतायें उस पर घोर आपत्ति की जाएगी," मेरे साथी ने प्रतिक्रिया में जवाब देते हुए कहा। "मैं इसे ऐसे लेता हूँ, कुल मिलाकर पुलिस सोचती है कि इस फिट्जरो सिम्पसन ने लड़के

[15] पेनांग-लॉयर (penang-lawyer)—टहलने की छड़ी जिसे नाटे ताड़ के तने से बनाया जाता है।

को बेहोशी की दवा खिलाने और किसी तरह से एक डुप्लीकेट चाबी हासिल करने के बाद, अस्तबल का दरवाजा खोला और घोड़े को, जाहिर तौर पर इस इरादे से, बाहर ले गया ताकि उसका अपहरण कर सके। उसकी लगाम लापता है, इसलिए सिम्पसन ने इसे जरूर लगाया होगा। इसके बाद अपने पीछे दरवाजे को खुला छोड़कर जाते हुए जब वह घोड़े को मूर से दूर ले जा रहा था तब या तो रास्ते में उसकी मुलाक़ात प्रशिक्षक से हुयी थी या फिर प्रशिक्षक ने आगे आकर उसे रोका था। स्वाभाविक रूप से एक झगड़ा हुआ था। स्ट्रेकर द्वारा आत्मरक्षा में इस्तेमाल किये गये उस छोटे चाकू से किसी प्रकार चोटिल हुए बिना सिम्पसन ने अपनी भारी छड़ी से प्रशिक्षक के सिर पर प्रहार किये, और इसके बाद चोर या तो घोड़े को किसी गुप्त छिपने की जगह पर ले गया, या फिर झगड़े के दौरान यह भाग गया, और अब इस समय मूर में इधर-उधर भटक रहा है। पुलिस को यह मामला इस तरह से दिखाई देता है, और जैसा असंभाव्य यह है, दूसरी अन्य सभी व्याख्याएं अभी और भी ज्यादा असंभाव्य हैं। हालांकि, एक बार जब मैं घटनास्थल पर पहुंच जाऊँगा तो मैं बहुत ही तेजी से मामले का परीक्षण करूंगा, और तब तक मैं वाकई यह नहीं देख सकता हूँ कि हम अपनी वर्तमान स्थिति से और बेहतर प्रगति कैसे कर सकते हैं।"

टैवीस्टॉक, जो डार्टमूर के विशाल घेरे के मध्य में एक ढाल के उभरे हुए भाग की भांति स्थित है, के छोटे से कस्बे में हमारे पहुँचने से पहले ही शाम हो चुकी थी। दो सज्जन स्टेशन पर हमारी प्रतीक्षा कर रहे थे। उनमें से एक लम्बा, गोरा, शेर जैसे बालों और दाढ़ी वाला और जिज्ञासु अंतर्भेदी हल्की नीली आँखों वाला था। दूसरा फ्रॉक कोट और गैटर पहने हुए और एक आँख पर लेंस लगाये हुए छोटे कद का, चौकन्ना, बहुत ही साफ़-सुथरा आदमी था, जिसके छँटाई की हुयी छोटी गलमुच्छें थी। यह अनुवर्ती व्यक्ति कर्नल रॉस, सुप्रसिद्ध स्पोर्ट्समैन थे, जबकि पहला वाला इंस्पेक्टर ग्रेगरी था, जो अंग्रेजी ख़ुफ़िया सेवा में तेजी से अपना नाम बना रहा था।

“मुझे प्रसन्नता हुयी कि आप यहाँ आये, मिस्टर होम्स,” कर्नल ने कहा। “यहाँ इंस्पेक्टर ने वह सब कुछ कर दिया है जिसका किया जाना संभव है, लेकिन मैं चाहता हूँ कि बेचारे स्ट्रेकर का बदला लेने और अपना घोड़ा दुबारा हासिल करने की कोशिश में कोई भी पहलू अनछुआ न रहे।”

“क्या कोई नयी बात पता चली?” होम्स ने पूछा।

“मुझे कहते हुए खेद है कि हम लोगों ने बहुत कम प्रगति की है,” इंस्पेक्टर ने कहा। “बाहर हमारे पास खुली बग्घी है, और निस्संदेह रूप से अँधेरा होने से पहले आप वह जगह देखना चाहेंगे, सवारी करते समय हम इस बारे में बात कर सकते हैं।”

एक मिनट बाद हम सभी एक सुविधाजनक लाण्डौ[16] में बैठे थे और कलात्मक पुराने डिवनशीयर शहर से खड़खड़ाते हुए गुजर रहे थे। इंस्पेक्टर ग्रेगरी अपने मामले की पूरी जानकारी से लैस था और टिप्पणियों के प्रवाह को अपने मुंह से उड़ेले जा रहा था, जबकि होम्स यदा-कदा कोई प्रश्न कर लेता या अचानक से कोई प्रतिक्रिया दे देता था। कर्नल रॉस अपनी बाँहों को मोड़े पीछे से उनका टेक लेते हुए लेटे थे और उनकी झुकी हुयी हैट उनकी आँखों पर थी, जबकि मैं दोनों जासूसों की बातचीत को रुचि लेकर सुन रहा था। ग्रेगरी अपने सिद्धांत को प्रतिपादित कर रहा था, जो लगभग वैसा ही था जैसा होम्स ने ट्रेन में मुझे पहले ही बता दिया था।

"फिट्जरो सिम्पसन के इर्द-गिर्द जाल काफ़ी करीब से फैलाया जा चुका है," उसने टिप्पणी की, "और मेरा खुद का विश्वास है कि वही हमारा गुनहगार है। साथ ही साथ मैं मानता हूँ कि साक्ष्य पूरी तरह से पारिस्थितिक है, और यह कि कोई नई बात मेरे विश्वास को तोड़ सकती है।"

"स्ट्रेकर के चाकू के बारे में तुम क्या कहते हो?"

"हम करीब-करीब इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि गिरते समय उसने स्वयं को घायल कर लिया था।"

"जब हम आये थे तो मेरे मित्र डॉक्टर वॉटसन ने मुझसे यही राय जाहिर की थी। यदि ऐसा होता है, तो यह बात इस व्यक्ति सिम्पसन के विरोध में जाती है।"

"निस्संदेह। न तो उसके पास चाकू है और न ही उसके ऊपर किसी घाव का निशान है। निश्चित रूप से यह उसके खिलाफ बहुत ही मजबूत साक्ष्य है। पसंदीदा घोड़े के गायब होने में वह बहुत बड़ा हित रखता था। अस्तबल के लड़के को विषैला आहार देने के कारण वह संदेह के घेरे में आता है;

---

[16] लाण्डौ (landau)—चार पहियों वाली एक खास बग्घी। इस प्रकार की बग्घी को ब्रिटेन के शाही परिवार के लोग इस्तेमाल करते हैं।

निस्संदेह रूप से वह तूफ़ान में बाहर था; वह एक वजनी छड़ी से लैस था, और उसका गुलुबन्द मृत व्यक्ति के हाथ में मिला था। मैं वाकई सोचता हूँ कि न्यायालय के सामने जाने के लिए हमारे पास पर्याप्त चीजें हैं।"

होम्स ने अपना सिर हिलाया। "एक चतुर वकील इन सब बातों की धज्जियां उड़ा सकता है।" उसने कहा "वह अस्तबल के बाहर घोड़ा क्यों ले जाएगा? यदि वह इसे घायल करना चाहता था, तो उसने ऐसा वहां क्यों नहीं किया? क्या उसके पास से डुप्लीकेट चाबी बरामद की जा चुकी है? अफीम का चूर्ण उसे किस केमिस्ट ने बेचा था? इन सबसे ऊपर, यह कि वह, जो इस जिले में अजनबी है, एक घोड़े को कहाँ छिपा सकता था, और ऐसे घोड़े को जैसा यह है? उसकी उस कागज के बारे में खुद की क्या सफ़ाई है जिसे वह चाहता था कि नौकरानी साईस लड़के को दे?"

"वह कहता है कि यह दस पौण्ड का एक नोट था। एक उसके बटुए में मिला था। किन्तु आपकी अन्य अड़चनें उतनी विकट नहीं हैं, जितनी वे जान पड़ती हैं। वह जिले के लिए अजनबी नहीं है। गर्मियों में दो बार वह टैवीस्टॉक में ठहर चुका है। संभवतः अफीम लन्दन से लायी गयी थी। चाबी, इसके मकसद के पूरे किये जाने के बाद, जोर से दूर फेंकी जा सकती है। घोड़ा मूर के किन्हीं गड्ढों या पुरानी खदानों, में से किसी एक के तल में हो सकता है।"

"गुलुबन्द के बारे में वह क्या कहता है?"

"वह स्वीकार करता है कि यह उसका है और कहता है कि उसने इसे गुम दिया था। लेकिन एक नया तथ्य इस मामले में सामने आया है जो अस्तबल से घोड़ा ले जाने के उसके तरीके को स्पष्ट कर सकता है।"

होम्स ने अपने कान खड़े कर लिए।

"हमें ऐसे सुराग मिले हैं जो दिखाते हैं कि उस जगह, जहाँ हत्या हुयी थी, से एक मील के दायरे में सोमवार की रात को बंजारों के एक समूह ने डेरा

डाला था। मंगलवार को वे जा चुके थे। अब, यह मानते हुए कि सिम्पसन और इन बंजारों के बीच कोई आपसी समझ थी, ऐसी स्थिति में जब उसे आगे पकड़ लिया गया था तो क्या उसने वह घोड़ा उन्हें नहीं दे दिया होगा, और क्या अब वे उसे अपने साथ नहीं रख सकते हैं?"

"निश्चित रूप से यह सम्भव है।"

"इन बंजारों का पता लगाने के लिए मूर की छान-बीन की जा रही है। टैवीस्टॉक और इसकी दस मील की त्रिज्या में मैंने भी हर एक अस्तबल तथा आउटहाउस[17] की जांच की है।"

"मैं समझता हूँ, करीब ही एक और प्रशिक्षण अस्तबल है?"

"हां, और यह एक ऐसा कारक है जिसे निश्चित रूप से हमें नजर-अंदाज नहीं करना चाहिए। डीसबोराह, उनका घोड़ा, सट्टे में दूसरे नम्बर पर था जिसे वरीयता दी गयी थी, इसलिए पसंदीदा घोड़े के गायब होने में उन लोगों का फायदा था। कहा जा रहा है कि सायलस ब्राउन, प्रशिक्षक, ने इस घुड़दौड़ में बड़ी रकम लगा रखी है, और वह अभागे स्ट्रेकर का कभी दोस्त नहीं था। हालांकि, हम लोगों ने अस्तबल की जांच की है, और कुछ भी ऐसा नहीं मिला है जो इस प्रकरण से उसका संबंध स्थापित कर सके।"

"और मैपल्टन अस्तबल के फायदे से इस आदमी सिम्पसन के जुड़े होने के बारे में कुछ नहीं है?"

"कुछ भी नहीं।"

होम्स बग्घी में पीछे झुका, और बातचीत बंद हो गयी। कुछ मिनटों बाद हमारा चालक सड़क के किनारे स्थित लाल ईंटों से बने एक साफ़-सुथरे, छोटे, बंगले, जिसकी ओरियां बाहर निकली थीं, पर आकर रुका। कुछ दूरी

---

[17] आउटहाउस (outhouse) —किसी इमारत या घर के बाहर बना छोटा कमरा जिसे स्टोररूम या किसी अन्य ऐसे ही इस्तेमाल के लिये बनाया जाता है।

पर, घोड़ों के अहाते के दूसरी ओर, स्लेटी-खपरैलों वाला एक लम्बा बाहरी हिस्सा था। हर दूसरी दिशा में मूर के निचले घुमाव कांस्य-वर्णी मुरझाये फर्न[18] से क्षितिज—जो केवल टैवीस्टॉक की मीनारों, और पश्चिम की ओर दूरी पर बने मकानों के झुरमुटों, जो मैपल्टन अस्तबल को चिह्नित करते थे, से खंडित होता था—तक दूर फैले हुए थे। हम सभी उछलकर लाण्डौ से उतर गये सिवाय होम्स के, जो अभी भी टेक लेकर पीछे लेटा अपनी स्थिर आँखों से अपने सामने के आसमान को ताकते हुए पूरी तरह से अपने ख्यालों में खोया हुआ था। वह झटके से चौंकते हुए उस समय जागा जब मैंने उसकी बांह को हाथ लगाया और फिर वह बग्घी से बाहर उतरा।

कर्नल रॉस, जिन्होंने होम्स को कुछ हैरत से देखा था, की तरफ मुड़ते हुए उसने कहा, "क्षमा कीजिएगा, मैं दिवास्वप्न देख रहा था।" उसकी आँखों में चमक थी और उसके बर्ताव में छिपी उत्तेजना, जिसने मुझे आश्वस्त कर दिया था, जैसा कि मैं उसके तरीकों से वाकिफ था, कि उसके हाथ कोई सूत्र लग गया था, हालांकि मैं यह कल्पना नहीं कर सका कि यह सूत्र उसे कहाँ मिला था।

"मिस्टर होम्स, सम्भवतः आप तुरंत ही अपराध-स्थल पर चलना चाहेंगे?" ग्रेगरी ने कहा।

"मुझे लगता है कि मुझे यहाँ थोड़ी देर रुकना चाहिए और तफसील से एक-दो सवालों की जांच करनी चाहिए। मैं मान लेता हूँ, कि स्ट्रेकर को यहाँ वापस लाया गया था?"

---

[18]फर्न (fern)—यह काई से भिन्न होता है, इसमें अपना 'जाइलेम' और 'फोलेम' होता है जिस वजह से यह संवहनी पौधे की श्रेणी में आता है। फ़र्न में फूल और बीज नहीं होते हैं। बल्कि ये जीवाणुओं के जरिये पनपते हैं, यह एक उष्णकटिबंधीय अमेरिकन पौधा है जिसकी पत्तियां जीभ के आकार की होती हैं।

“हाँ, वह ऊपरी मंजिल पर लेटा हुआ पड़ा है। इन्क्वेस्ट[19] कल होगी।”

“कर्नल रॉस, वह कुछ वर्षों से आपकी सेवा में रहा है?”

“मैंने हमेशा ही उसे एक बहुत अच्छा सेवक पाया है।”

“इंस्पेक्टर, मैं मानता हूँ कि उसकी मौत के समय उसकी जेब में जो भी चीजें थी उनकी तुमने इन्वेंटरी[20] बनायीं होगी?”

“वे सारी चीजें मैंने बैठक-कक्ष में रखी हैं, अगर आप उन्हें देखना चाहें तो देख सकते हैं।”

“मुझे बेहद ख़ुशी होगी।” हम सब पंक्तिबद्ध होकर सामने के कमरे में गये और बीच में रखी टेबल के इर्दगिर्द बैठ गए इस दौरान इंस्पेक्टर ने टिन के एक वर्गाकार बक्से का ताला खोला और हमारे सामने सामानों का एक छोटा ढेर लगा दिया। वहाँ विशेष किस्म की तीलियों की एक डिब्बी, जानवर की चर्बी से बनी दो इंच की बत्ती, एक ए डी ब्रिएर-रूट पाइप, सील की खाल से बनी एक थैली जिसमें आधा औंस लम्बी-कटी कैवेंडिश[21] थी, सोने की जंजीर वाली चाँदी की एक घड़ी, पाँच सोने के सिक्के, एलुमिनियम का एक पेंसिल-बॉक्स, कुछ कागज और हाथीदांत की मूठ वाली एक चाकू, जिसके बहुत ही बारीक और सख्त ब्लेड पर ‘वेईस एंड कम्पनी, लन्दन’ अंकित था।

“यह एक विशेष प्रकार का चाकू है,” होम्स ने, इसे उठाते हुए और इसका बारीकी से निरीक्षण करते हुए, कहा। “जैसा कि मैं इस पर खून के धब्बे देखता हूँ, मैं मान लेता हूँ कि यह वही चाकू है जो मृतक व्यक्ति की पकड़ में मिला था। वॉटसन, वाकई यह चाकू तुम्हारे व्यवसाय से संबंधित है?”

---

[19] इन्क्वेस्ट (inquest)—किसी की मृत्यु के कारणों की न्यायिक जाँच

[20] इन्वेंटरी (inventory)—सामानों की सूची

[21] कैवेंडिश (Cavendish)—एक किस्म की ख़ास तंबाकू

"यह वह चाकू है जिसे हम कैटरेक्ट-चाकू[22] कहते हैं।" मैंने कहा।

"मैंने भी ऐसा सोचा था। बहुत ही बारीक काम के लिए बनाई गयी बहुत ही बारीक ब्लेड। एक तूफानी सफर पर निकले एक आदमी के लिए इसे लेकर जाने की बात विचित्र है, खासकर तब जब यह उसकी जेब में आ नहीं सकती थी।"

"इसके अगले सिरे को, कॉर्क की एक चकती से सुरक्षित किया गया था, जो हमें उसकी लाश के पास मिली थी," इंस्पेक्टर ने कहा। "उसकी पत्नी हमें बताती है कि यह चाकू ड्रेसिंग टेबल पर पड़ा था, और यह कि कमरे से जाते समय उसके पति ने इसे उठा लिया था। हालांकि यह एक खराब हथियार था, परन्तु सम्भवतः इस समय सबसे बेहतर यही चीज थी जिसे वह अपने हाथों में ले सकता था।"

"बहुत संभव है। इन कागजातों के बारे में तुम क्या कहते हो?"

"इनमें से तीन फूस-विक्रेताओं की रसीदें हैं। एक कर्नल रॉस से मिले निर्देशों का पत्र है। यह दूसरा अन्य सैंतीस पौंड के लिए एक मिलीनर[23] का लेखा है, पन्द्रह को बांड स्ट्रीट की मैडम लेसुरिएर के लिए विलियम डर्बीशीयर के नाम पर लिखा गया है। मिसेज स्ट्रेकर हमें बताती हैं कि डर्बीशीयर उनके पति का दोस्त था, और कभी-कभी उसके पत्र उनके पते पर आते थे।"

"मैडम डर्बीशीयर कुछ हद तक महंगे शौक रखती हैं।" लेखे को देखते हुए होम्स ने टिप्पणी की। "केवल एक पोशाक के लिए बाईस गिन्नियां तुलना में बहुत ज्यादा हैं। जो भी हो, जान पड़ता है कि जानने के लिये और कुछ शेष नहीं है, और अब हम अपराध-स्थल पर चल सकते हैं।"

---

[22] कैटरेक्ट-चाकू (cataract knife)—वह चाकू जिसे मोतियाबिंद के इलाज में इस्तेमाल किया जाता है।

[23] मिलीनर (milliner) —महिलाओं के हैट बेचनेवाला

जैसे ही हम बैठक-कक्ष से उठे थे कि एक महिला, जो गलियारे में इन्तजार कर रही थी, मदद मांगने के लिए आगे बढ़ी और उसने अपने हाथ को इंस्पेक्टर की बांह पर रखा। उसका चेहरा थका-मांदा, क्षीण और उत्सुक था, जिस पर हालिया विभीषिका की छाप पड़ी थी।

“क्या तुमने उन्हें पकड़ लिया? क्या तुम्हें वह मिल गये?” वह हांफते हुये बोली।

“नहीं, मिसेज स्ट्रेकर। किन्तु यहाँ हमारी सहायता करने के लिए मिस्टर होम्स लन्दन से आ चुके हैं, और हम वह सब कुछ करेंगे जो संभव है।”

“मिसेज स्ट्रेकर, निश्चित रूप से कुछ समय पहले प्लाईमाउथ में एक गार्डन-पार्टी[24] पर मैं आपसे मिला था?” होम्स ने कहा।

“नहीं, सर; आपसे भूल हो रही है।”

“सच में! अरे, मैं इस बात की कसम खा सकता हूँ। आपने कबूतरी रंग की मखमली पोशाक पहनी थी जिसमें खूबसूरत तरीके से शुतुरमुर्ग के पंख को लगाया गया था।”

“मेरे पास कभी ऐसी पोशाक थी ही नहीं, सर!” महिला ने जवाब दिया।

“आह, यह तथ्य इस मुद्दे को पूरी तरह से

[24] गार्डन-पार्टी (garden-party)—वह पार्टी जो लॉन या गार्डन में की जाए।

यहीं खत्म करता है,” होम्स ने कहा। और क्षमा मांगते हुए वह, इंस्पेक्टर के पीछे बाहर निकल गया। मूर पर थोड़ी दूरी की पैदल यात्रा हमें उस खंदक के पास ले आई जिसमें लाश पायी गयी थी। इसकी कगार पर वह कंटीली झाड़ी थी जिस पर कोट टंगा हुआ मिला था।

“मैं समझता हूँ कि उस रात हवा नहीं चल रही थी।” होम्स ने कहा।

“बिलकुल नहीं, किन्तु बहुत भारी बरसात हुयी थी।”

“ऐसी स्थिति में कोट उड़कर उस कंटीली झाड़ी पर नहीं गया रहा होगा बल्कि इसे वहां पर रखा गया होगा।”

“हाँ, यह झाड़ी के ऊपर लिटा कर रखा गया था।”

“तुमने मेरी दिलचस्पी बढ़ा दी। मुझे लगता है कि यहाँ जमीन को काफी ज्यादा रौंदा गया है। निस्संदेह सोमवार की रात से बहुतों के पैरों के निशान यहाँ पड़ चुके हैं।”

“यहाँ बगल में एक चटाई बिछाई गयी है, और हम सब लोग उस पर खड़े हो चुके हैं।”

“बहुत बढ़िया।”

“इस थैले में मेरे पास स्ट्रेकर के उन जूतों में से एक है जिसे उसने पहना था, फिट्ज़रो सिम्पसन के जूतों में से एक है और एक सिल्वर ब्लेज़ की एक नाल का सांचा है।”

“मेरे प्यारे इंस्पेक्टर, तुम स्वयं ही खुद से आगे निकल गये हो!” होम्स ने थैला ले लिया, और, खंदक में नीचे उतरने लगा, उसने चटाई को ज्यादा मध्यवर्ती स्थिति में ठेला। इसके बाद जमीन पर मुंह के बल स्वयं सीधा लेटते हुए और अपने हाथों पर अपनी ठुड्डी को नीचे झुकाते हुए, अपने सामने फैले हुए उस कुचले हुए कीचड़ की उसने सावधानी से जांच की। “हेलो!” अचानक उसने कहा, “यह क्या है?” यह आधी जली हुयी मोम

लगी तीली थी, जिस पर कीचड़ की ऐसी परत लगी हुयी थी कि पहली नजर में देखने पर यह लकड़ी का एक टुकड़ा जान पड़ती थी।

“मैं सोच नहीं सकता हूँ कि कैसे मैंने इस पर ध्यान नहीं दिया था,” गुस्से के भाव के साथ इंस्पेक्टर ने कहा।

“यह ओझल थी, कीचड़ में दबी हुयी। मैं केवल इसलिए इसे देख पाया क्योंकि मैं इसी को ढूंढ रहा था।”

“क्या! आपको इसके मिलने की आशा थी?”

“मैंने सोचा यह संभव हो सकता था।”

उसने थैले से जूते निकाले और उनमें से प्रत्येक की छाप की तुलना जमीन पर बने निशानों से की। इसके बाद कठिनाई से चढ़ते हुए वह खंदक के किनारे तक चढ़ा और फर्न और झाड़ियों के बीच में घसिटते हुए गया।

“मुझे खेद है कि वहां कोई दूसरा रास्ता नहीं है,” इंस्पेक्टर ने कहा। “मैंने प्रत्येक दिशा में सौ गज तक की जमीन की बड़ी सावधानी से जांच की है।”

“वाकई!” होम्स ने, उठते हुए, कहा, “तुमने जो कहा उसके बाद फिर से इसे दुबारा करने का मुझे हठ नहीं करना चाहिए। किन्तु अँधेरा होने से पहले मैं मूर पर थोड़ा टहलना चाहूँगा ताकि कल मैं अपने आधार को जान सकूं, और मैं समझता हूँ कि अच्छी किस्मत के लिए घोड़े की यह नाल मैं अपनी जेब में रखूंगा।”

कर्नल रॉस, जो मेरे साथी के काम करने के शांत तथा क्रमबद्ध तरीके पर अपनी अधीरता के कुछ लक्षण जाहिर कर चुके थे, ने अपनी घड़ी पर नजर डाली। “इंस्पेक्टर, मैं चाहता हूँ कि तुम मेरे साथ वापस चलो” कर्नल ने कहा। “कई बिन्दु हैं जिन पर मैं तुमसे सलाह लेना चाहूँगा, विशेषकर इस

बारे में कि क्या हम जनता को यह न बता दें कि कप की प्रविष्टियों से हम अपने घोड़े के नाम को हटा रहे हैं।"

"बिलकुल नहीं!" होम्स निर्णयात्मक लहजे में बोला, "मैं चाहूंगा कि नाम बना रहे।"

कर्नल ने सहमति जताते हुए सिर झुकाया। "मैं आपके विचार सुनकर अति प्रसन्न हूँ, सर!" कर्नल ने कहा, "जब आप अपने टहलने का काम समाप्त कर लें तो आप हमें बदनसीब स्ट्रेकर के घर पर पायेंगे, और हम टैवीस्टॉक एकसाथ चल सकते हैं।"

वह इंस्पेक्टर के साथ वापस लौट गये, जबकि होम्स और मैं धीरे-धीरे टहलते हुए मूर से होकर गुजरे। मैपल्टन अस्तबल के पीछे सूर्य अस्त होना शुरू हो गया था, और हमारे सामने का लम्बा समतल ढलान सुनहरा रंगीन हो गया था, और उन जगहों पर और भी गहरा, सुर्ख भूरा हो गया था जहाँ फीके फर्न और कंटीली झाड़ियां शाम की रोशनी को लपक रहे थे। लेकिन भूदृश्य की यह अप्रतिम सुन्दरता मेरे साथी, जो अपने गहनतम विचारों में डूबा हुआ था, पर पूरी तरह से व्यर्थ चली गयी थी।

"वॉटसन, इस तरफ," आखिर में उसने कहा, "क्षण भर के लिए हम यह प्रश्न छोड़ सकते हैं कि जॉन स्ट्रेकर की हत्या किसने की और हम खुद को इस बात का पता लगाने के लिए सीमित करते हैं कि घोड़े का क्या हुआ। अब, यह मानते हुए कि इस दुःखद घटना के दौरान या बाद में घोड़ा अलग होकर भाग निकला, तो वह कहाँ जा सकता था? यह घोड़ा बड़ा ही मिलनसार प्राणी है। यदि उसे उसकी मर्जी पर छोड़ दिया जाए, तो उसकी सहज प्रवृत्ति या तो किंग्स पीलैंड वापस लौटने की होगी या मैपल्टन जाने की। वह मूर में जंगली होकर क्यों भटकेगा? अब तक निश्चित तौर पर उसे देख लिया जाना चाहिए था। और बंजारे उसका अपहरण क्यों करेंगे? जब कभी ये लोग किसी परेशानी के बारे में सुनते हैं तो ये हमेशा भाग लेते हैं; इसलिए ये पुलिस द्वारा सताए जाने की चाहत नहीं कर सकते हैं। ऐसे घोड़े

को बेचने की वे उम्मीद नहीं कर सकते थे। उसे साथ ले जाने से वे बड़ा खतरा मोल लेते और उन्हें कुछ भी फायदा नहीं होता। निश्चित रूप से यह बात स्पष्ट है।"

"तब वह कहाँ है?"

"मैंने पहले ही कहा है कि वह किंग्स पीलैंड अथवा मैपल्टन में गया होगा। वह किंग्स पीलैंड में नहीं है, इसलिए वह मैपल्टन में है। हम इसे अमली अवधारणा के रूप में लेते हैं और देखते हैं कि यह हमारे सामने कौन सा तथ्य लाती है। जैसा इंस्पेक्टर ने कहा था, मूर का यह हिस्सा बहुत ही सख्त और शुष्क है। लेकिन परे यह मैपल्टन की तरफ पड़ता है, और तुम यहाँ से देख सकते हो कि वहां दूरी पर एक लम्बा खंदक है, जो सोमवार रात बहुत नम रहा होगा। यदि हमारा अनुमान सही है, तो घोड़े ने इसे पार किया होगा, और वहां वह बिंदु है जहाँ से हमें उसके पद-चिह्नों को तलाशना चाहिए।"

इस बातचीत के दौरान हम तेजी से टहलते हुए गये थे और कुछ और मिनटों में हम उस प्रश्नगत खंदक के सामने खड़े थे। होम्स के कहने पर मैं इसके दाहिने किनारे की तरफ गया, और वह बायें, लेकिन अभी मैं पचास कदम भी नहीं गया था कि मैंने उसे चिल्लाते हुए सुना और अपना हाथ हिलाकर मुझे इशारा करते हुए देखा। उसके सामने की नम मिट्टी पर एक घोड़े के पग-चिह्न बने हुए थे, और उस नाल, जिसे वह अपने साथ लेकर आया था, को उसने अपनी जेब से निकाला जो घोड़े के इन पग-चिह्नों पर बिलकुल फिट बैठती थी।

"कल्पना के महत्व को देखो," होम्स ने कहा। "यह वह एक गुण है जो ग्रेगरी में नहीं है। हमने अनुमान लगाया कि क्या हुआ होगा, अनुमान के अनुसार काम किया, और खुद को वाजिब पाया। अब हमें आगे चलना चाहिए।"

हमने दलदली तल को पार किया और सूखे, सख्त घास के मैदान पर आगे चौथाई मील की दूरी तक गये। एक बार फिर से जमीन ढलान पर थी,

और हम दुबारा घोड़े के पग-चिह्नों पर आ गये थे। इसके बाद आधे मील की दूरी के लिए वे हमसे बिछड़ गये, लेकिन मैपल्टन के बिल्कुल करीब एक बार फिर से हम उन्हें पहचान पाने में सफल हो गए। यह होम्स था जिसने उन्हें सबसे पहले देखा था, और वह, चेहरे पर विजय का भाव लिए, खड़ा होकर उनकी तरफ इशारा कर रहा था। घोड़े के पग-चिह्नों के समीप ही एक आदमी के पैरों के निशान दिखाई देते थे।

"पहले घोड़ा अकेला था।" मैंने कहा।

"बिलकुल ऐसा ही है। यह पहले अकेला था। हेलो, यह क्या है?"

दोनों प्रकार के पग-चिह्न तेजी से मुड़ गये और किंग्स पीलैंड की दिशा पकड़कर आगे बढ़ गये। होम्स ने सीटी बजाई, और हम दोनों इन चिह्नों के पीछे चल दिये। उसकी आँखें इन चिह्नों पर लगी हुयी थीं, जबकि संजोग से मेरी नजर एक ओर पड़ी, और मैं यह देखकर आश्चर्य चकित रह गया कि वही निशान सामने की दिशा से फिर से वापस लौटे थे।

जब होम्स को मैंने इन्हें दिखाया तो उसने कहा, "एक खासियत ऊपर वाले ने तुम्हें भी दी है, वॉटसन, एक लम्बी यात्रा करने से तुमने हमें बचा लिया, जो हमें वापस हमारे रास्ते पर लाती। अब हम वापसी के रास्ते का पीछा करते हैं।"

हमें ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ा। पग-चिह्न डामर की पटरी पर जाकर खत्म हो गये थे जो मैपल्टन अस्तबल के फाटकों को जाती है। जैसे ही हम करीब पहुंचे, उन फाटकों में से एक साईस दौड़ता हुआ बाहर आया।

"आवारा घूमने वालों की मौजूदगी हम यहाँ आसपास नहीं चाहते हैं," उसने कहा।

"मैं केवल एक सवाल पूछना चाहता था," अपने वेस्टकोट की जेब में अपनी अंगुली और अंगूठा डालते हुए होम्स ने कहा। "तुम्हारे मालिक,

मिस्टर सायलस ब्राउन, से मिलने के लिए यदि मैं कल सुबह पाँच बजे आऊँ तो यह जल्दी तो नहीं होगा?"

(होम्स के हाथ में हाफ-क्राउन[25] का सिक्का देखने पर)

"भगवान आपका भला करे, सर, यदि कोई आसपास नजर आएगा तो वह भी आ जायेंगे, क्योंकि वह हमेशा सबसे पहले नीचे आते हैं। मगर, सर, आपके सवालों का जवाब देने के लिए वह यहाँ खुद आ रहे हैं। नहीं, सर, नहीं, अगर उन्होंने मुझे आपके पैसे को हाथ लगाते देख लिया तो मेरी नौकरी चली जाएगी। बाद में, यदि आप चाहें तो इसे मुझे दे सकते हैं।"

शरलॉक होम्स ने अपनी जेब से निकाला हुआ हाफ-क्राउन का सिक्का वापस जेब में डाला ही था कि एक क्रूर दिखाई देने वाला बूढ़ा व्यक्ति अपने हाथ में हंटिंग-क्रॉप[26] लहराते हुए लम्बे डग भरता हुआ फाटक से बाहर आया।

"यह क्या है, डॉसन?" वह चिल्लाया। "कोई गपशप नहीं! चलो अपने काम पर लग जाओ! और तुम, ...तुम यहाँ क्या चाहते हो?"

"माय गुड सर, आपके साथ दस मिनट की बातचीत," होम्स ने मधुरतम आवाज में कहा।

"हर गैडाबाउट[27] से बात करने के लिए मेरे पास समय नहीं है। हम यहाँ किसी अजनबी का आना पसंद नहीं करते। चले जाओ, अन्यथा तुम पाओगे कि एक कुत्ता तुम्हारे पीछे पड़ा है।"

---

[25] हाफ-क्राउन (half-crown)—ढाई शिलिंग

[26] हंटिंग-क्रॉप (hunting crop)—एक चाबुक जिसके सिरे पर हुक के आकार का हैंडल लगा होता है, इस चाबुक पर चमड़े की पट्टी नहीं लगी होती है, इसका इस्तेमाल गेट खोलने के लिए किया जा सकता है।

[27] गैडाबाउट (gadabout)—वह आदमी जो मौजमस्ती के लिए हमेशा फालतू टहलता रहता है।

होम्स आगे झुका और प्रशिक्षक के कान में कुछ फुसफुसाया। वह बुरी तरह से चौंक गया और कनपटियों तक लाल हो गया।

“यह झूठ है!” वह चिल्लाया। “एक लानतयोग्य झूठ!”

“बहुत अच्छा। हम यहाँ सब के सामने इस विषय पर बहस करेंगे या आपके कक्ष में चलकर बात करेंगे?” होम्स ने कहा।

“ओह, यदि तुम चाहो तो अंदर आ जाओ।”

होम्स मुस्कुराया। “वॉटसन, मैं तुम्हें कुछ मिनटों से ज्यादा इन्तजार नहीं कराऊँगा,” उसने कहा। “अब, मिस्टर ब्राउन, मैं पूरी तरह से आपके अधिकार में हूँ।”

बीस मिनट बीतने से पहले ही होम्स और प्रशिक्षक फिर से निकल कर बाहर आये और प्रशिक्षक का लाल चेहरा सफेद पड़ चुका था। मैंने ऐसा बदलाव कभी नहीं देखा था जैसा इतने कम समय में साइलस ब्राउन में आया था। उसका चेहरा राख–जैसा सफेद पड़ गया था, उसके माथे पर पसीने की बूंदें चमक रही थीं, और उसके हाथ इस हद तक काँप रहे थे कि हंटिंग-क्रॉप मानो हवा में एक शाखा की भांति हिल रहा था। उसका डराने-धमकाने का अंदाज, मनमाना बर्ताव सब कुछ खत्म हो गया था और वह मेरे साथी के बगल में, जैसे एक कुत्ता अपने मालिक के साथ होता है, दुबका हुआ था।

“आपके निर्देशों का पालन किया जाएगा। इनका पूरी तरह से पालन किया जायेगा।” उसने कहा।

“कोई गलती नहीं होनी चाहिए,” उसकी तरफ देखते हुए होम्स ने कहा। प्रशिक्षक ने जैसे ही मेरे साथी की आँखों में खुद के लिए खतरा देखा वह घबरा सा गया।

“ओह, नहीं, कोई गलती नहीं होगी। यह वहां पहुँच जायेगा। मैं इसे पहले बदल दूं या नहीं?”

होम्स ने थोड़ा सोचा और फिर ठहाका लगा कर हंसने लगा। “नहीं, ऐसा मत करना,” उसने कहा, “इस बारे में मैं तुम्हें लिखूंगा। अब, कोई चालाकी मत करना, अन्यथा—”

"ओह, आप मुझ पर भरोसा कर सकते हैं, आप मुझ पर भरोसा कर सकते हैं!"

"हाँ, मैं समझता हूँ मैं कर सकता हूँ। अच्छा, कल तुम्हें मेरा एक संदेश मिलेगा।" वह अपनी एड़ियों पर घूमा, इस बात की उपेक्षा करते हुए कि प्रशिक्षक ने अपने कांपते हाथ को उससे हाथ मिलाने के लिए आगे बढ़ाया था, और हम किंग्स पीलैंड की तरफ चल पड़े।

जैसे ही हम धीरे-धीरे एक साथ आगे बढ़े, होम्स ने कहा,"साइलस ब्राउन मालिक होने से ज्यादा एक गुण्डे, कायर और छिछोरे आदमी का बहुत ही उपयुक्त मिश्रण है, इस जैसे आदमी से मैं शायद ही कभी मिला हूँ"

"तो, क्या घोड़ा उसके पास है?"

"इस बारे में उसने धमकाने की कोशिश की थी, लेकिन जब मैंने उसे बिलकुल ठीक-ठीक बताया कि उस सुबह उसकी क्या गतिविधियां थीं तो उसे विश्वास हो गया कि मैं उस पर नजर रखे हुए था। निश्चित तौर पर उन असामान्य चौकोर पंजों के जूतों की छापों को तुमने गौर किया था, और ये उसके खुद के जूतों से बिलकुल मेल खाते थे। और यह कि, निश्चित तौर पर कोई भी मातहत ऐसा काम करने की हिम्मत नहीं कर सकता था। मैंने उसे बताया कि किस तरह से, जब वह अपनी आदत के अनुसार सबसे पहले नीचे आया था, उसने एक अजनबी घोड़े को मूर में भटकते हुए देखा। कैसे वह इसके पास गया, और सफेद माथे, जिसकी वजह से पसंदीदा घोड़े को इसका नाम दिया गया है, से इसको पहचान कर चकित हुआ कि किस्मत ने इसे—उस इकलौते घोड़े को, जो उसके उस घोड़े को पछाड़ सकता था जिस पर उसने अपना पैसा लगाया था—उसके अधिकार में दे दिया था। फिर मैंने उसे बताया कि कैसे पहले उसने सोचा था कि इसे किंग्स पीलैंड में छोड़ आये, और फिर कैसे शैतान ने उसे सुझाया कि दौड़ समाप्त होने तक वह घोड़े को किस तरह से छिपा सकता था, और कैसे वह घोड़े को लेकर वापस लौटा और कैसे उसने इसे मैपल्टन में छिपा दिया। जब

मैंने उसे हर एक ब्यौरा दिया तो उसने हार मान ली और केवल खुद को बचाने के बारे में सोचने लगा।"

"किन्तु उसके अस्तबल की तलाशी ली गयी थी?"

"ओह, उसके जैसे घोड़े के एक पुराने जालसाज के पास धोखा देने के बहुत से तरीके हैं।"

"लेकिन क्या अब उसके नियन्त्रण में घोड़े को छोड़ने को लेकर तुम आशंकित नहीं हो, क्योंकि इसे चोटिल करने में उसका पूरा हित निहित है?"

"मेरे प्यारे वॉटसन, वह अपनी आँखों के तारे की तरह इसकी चौकीदारी करेगा। वह जानता है कि उसकी रहम की एकमात्र उम्मीद इसे सुरक्षित पेश करने में है।"

"कर्नल रॉस ने मुझे ऐसे आदमी के रूप में प्रभावित नहीं किया था जो संभवतः किसी भी दशा में ज्यादा दया दिखाएगा।"

"मामला कर्नल रॉस पर निर्भर नहीं करता है। मैं अपने खुद के तरीकों का अनुसरण करता हूँ और उतना ही या उतना कम बताता हूँ जितना मैं चाहता हूँ। अनाधिकारिक होने का यही लाभ है। मैं नहीं जानता हूँ, वॉटसन, कि तुमने गौर किया था या नहीं, लेकिन कर्नल का बर्ताव मेरे प्रति एक तुच्छ घुड़सवार जैसा रहा है। अब उनके खर्चे पर मैं थोड़ा मनबहलाव करना चाहता हूँ। उनसे घोड़े के बारे में कुछ मत कहना।"

"तुम्हारी अनुमति के बिना, निश्चित तौर पर नहीं।"

"और निश्चित ही, जॉन स्ट्रेकर की हत्या किसने की इस प्रश्न की तुलना में यह बहुत ही छोटी बात है।"

"और तुम इस बारे में अपना ध्यान केंद्रित करोगे?"

“बल्कि इसके विपरीत, रात की ट्रेन से हम दोनों लन्दन वापस जा रहे हैं।”

“अपने मित्र के शब्दों को सुनकर मैं भौचक्का रह गया। हमें डिवनशीयर में आये अभी कुछ ही घंटे हुए थे, और यह कि वह उस जांच को छोड़ देगा जिसे उसने इतने प्रभावशाली ढंग से शुरू किया था यह बात मेरे लिए पूरी तरह से दुरूह थी। जब तक हम प्रशिक्षक के घर वापस नहीं पहुँच गये, एक और शब्द मैं उससे नहीं निकलवा सका। कर्नल तथा इंस्पेक्टर बैठक-कक्ष में हमारी प्रतीक्षा कर रहे थे।”

“मेरा मित्र और मैं रात की गाड़ी से शहर वापस जा रहे हैं।” होम्स ने कहा। “आपके सुंदर डार्टमूर की हवा के मोहक नन्हे झोंके हमने ले लिए हैं।”

इंस्पेक्टर ने अपनी आँखें खोली, और कर्नल के होंठ व्यंग्यात्मक मुस्कान में मुड़े।

“तो बेचारे स्ट्रेकर के हत्यारे को गिरफ्तार करने की उम्मीद आप छोड़ रहे हैं,” कर्नल ने कहा।

होम्स ने अपने कंधे उचकाये। “इस मामले में निश्चित रूप से बड़ी अड़चनें हैं,” उसने कहा, “फिर भी, मुझे पूरी उम्मीद है कि आपका घोड़ा मंगलवार को आकर दौड़ेगा, मैं आपसे विनती करता हूँ कि आप अपने जॉकी को तैयार रखेंगे। क्या मुझे जॉन स्ट्रेकर की कोई फोटो मिल सकती है?”

इंस्पेक्टर ने एक लिफाफे से एक फोटो निकाली और इसे उसे दे दिया।

“मेरे प्यारे ग्रेगरी, तुम मेरी सभी जरूरतों का पूर्वानुमान लगा लेते हो। क्या मैं तुमसे एक क्षण यहाँ रुकने के लिए कह सकता हूँ, मेरे पास एक सवाल है जो मैं नौकरानी से पूछना चाहूँगा।”

“मुझे कहना होगा कि हमारे लन्दन के सलाहकार से मैं वस्तुतः निराश हुआ हूँ।” जैसे ही मेरा मित्र कमरे से बाहर निकला, कर्नल रॉस ने साफ़-

साफ़ ढंग से कहा। “मुझे नहीं लगता है कि जब से वह आया है, हमने कोई प्रगति की है।”

“कम-से-कम, आपके पास उसका आश्वासन है कि आपका घोड़ा दौड़ेगा,” मैंने कहा।

“हाँ, मेरे पास उसका आश्वासन है,” अपने कंधे उचकाते हुए कर्नल ने कहा। “लेकिन मैं घोड़ा चाहता हूँ।”

मैं अपने मित्र के बचाव में कुछ उत्तर देने ही वाला था कि वह कमरे में दुबारा दाखिल हुआ।

“तो, सज्जनों,” उसने कहा, “मैं टैवीस्टॉक चलने के लिए पूर्णतया तैयार हूँ।”

जैसे ही हम बग्घी में चढ़ने के लिए आगे बढ़े साईस लड़कों में से एक ने हमारे लिए बग्घी के दरवाजे को थाम लिया। ऐसा जान पड़ा कि होम्स को अचानक कोई विचार आया था, क्योंकि वह आगे झुका और लड़के की बाजू को हल्के से छुआ।

“तुम्हारे पास बाड़े में कुछ भेड़े हैं,” उसने कहा। “उनकी देख-रेख कौन करता है?”

“मैं करता हूँ, सर।”

“क्या तुमने गौर किया है कि हाल में ही उनके साथ कोई गड़बड़ हुयी है?”

“सर, बहुत ख़ास तो नहीं, परन्तु सर, उनमें से तीन लंगड़ी हो गयी हैं।”

मैं देख सकता था कि होम्स बहुत खुश हुआ था, क्योंकि वह दबी हुयी हंसी हंसा था और उसने अपने हाथों को रगड़ा था।

“एक लम्बा शॉट, वॉटसन, एक बहुत ही लम्बा शॉट,’” मेरी बांह में चिकोटी काटते हुए, उसने कहा, “ग्रेगरी, मुझे तुम्हारा ध्यान भेड़ों के बीच

हुये इस असामान्य संक्रमण की तरफ आकृष्ट करने दो। चलते रहो, गाड़ीवान।"

कर्नल रॉस अभी भी वैसे ही भाव अपने चेहरे पर लिए हुए थे जो उस खराब राय को जाहिर करते थे जो उन्होंने मेरे साथी की काबिलियत के बारे में पहले से बना रखी थी, लेकिन इंस्पेक्टर के चेहरे से मैंने देखा कि उसका ध्यान उत्सुकता से सचेत हो उठा था।

"आप समझते हैं कि यह महत्वपूर्ण है?" उसने पूछा।

"बहुत ही ज्यादा।"

"क्या कोई ऐसा बिंदु है, जिसकी तरफ आप मेरा ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं?"

"रात के समय में कुत्ते के अनोखे प्रसंग की ओर।"

“रात के समय कुत्ते ने कुछ नहीं किया था।”

“यही, तो अनोखा प्रसंग[28] था।” शरलॉक होम्स ने टिप्पणी की।

***

वेसेक्स कप की रेस को देखने का इरादा रखते हुए होम्स और मैं चार दिन बाद दुबारा ट्रेन से विंचेस्टर गये। मुलाक़ात के लिए निर्धारित समय पर स्टेशन के बाहर कर्नल रॉस हमसे मिले, और हम उनकी ड्रैग[29] में बैठकर कस्बे के बाहर घुड़दौड़ के मैदान की तरफ चल दिए। कर्नल का चेहरा गम्भीर था, और उनका बर्ताव पराकाष्ठा की हद तक ठंडा था।

“मुझे मेरे घोड़े का कोई समाचार नहीं मिला है?” वह बोले।

“मैं मानता हूँ कि जब आप उसे देखेंगे तो आप उसे पहचान लेंगे?” होम्स ने पूछा।

कर्नल बहुत ही नाराज थे। “मैं घुड़दौड़ के मैदान में बीस साल से रहा हूँ और इससे पहले मुझसे इस तरह का सवाल कभी नहीं पूछा गया,” उन्होंने कहा। “एक बच्चा भी सिल्वर ब्लेज़ को, इसके सफेद माथे और इसकी चित्तीदार पिछली टाँग से, पहचान सकता है।”

“दांव कैसा रहा है?”

“खैर, यह इसका अजीब हिस्सा है। आपको कल पन्द्रह-एक[30] मिल सकता था, लेकिन कीमत घटकर कम हो गई है, अब आपको मुश्किल से तीन-एक मिल सकते हैं।”

---

[28] यह कि कुत्ता भौंका नहीं था।

[29] ड्रैग (drag)—चार घोड़ों वाली लम्बी बग्घी

[30] घोड़ों पर 15-1 के दांव का मतलब है कि यदि कोई आदमी किसी घोड़े पर 2 पौंड लगाता है और उसका घोड़ा जीतता है तो उसे (15/1)X2+2= 32 पौंड वापस मिलेगा।

“हुम!” होम्स ने कहा, “कोई कुछ जानता है, यह बात तो साफ़ है।”

जैसे ही ड्रैग, ग्रैंडस्टैंड[31] के करीब घेराव में पहुँच कर रुकी मैंने प्रविष्टियों को देखने के लिए सूचना-पट पर नजर डाली।

वैसेक्स प्लेट

[यह इस प्रकार से लिखा था]-

50 sovs. प्रत्येक h ft

चार और पाँच साल से पुराने घोड़ों के लिए 1000 sovs. अतिरिक्त जोड़े जायेंगे।

दूसरा £300.

तीसरा £200.

दौड़ के लिए नया कोर्स (एक मील और पाँच फर्लोंग)

1. मिस्टर हीथ न्यूटन का नीग्रो, लाल टोपी, सिन्नामन जैकेट

2. कर्नल वार्डलॉ का प्यूजिलिस्ट, गुलाबी टोपी, नीली और काली जैकेट

3. लार्ड बैकवाटर का डीसबोराह, पीली टोपी और पीली आस्तीन

4. कर्नल रॉस का सिल्वर ब्लेज़, काली टोपी, लाल जैकेट

5. बालमोराल के ड्यूक का आइरिस, पीली और काली धारियां

6. लार्ड सिंगलफोर्ड का रैस्पर, जामुनी टोपी, काली आस्तीन

इसी प्रकार 3-1 के दांव पर 3 पौंड लगाने पर यदि उसका घोड़ा जीतता है तो उसे (3/1)X3+3= 12 पौंड वापस मिलेगा।

[31] ग्रैंडस्टैंड (grandstand) —घुड़दौड़ के दर्शकों के लिए सबसे ऊँचा स्थान

"हमने अपने दूसरे अन्य घोड़े को वापस ले लिया और अपनी सारी उम्मीदों को आपके शब्दों पर लगा दिया है," कर्नल ने कहा, "अरे, वह क्या है? पसंदीदा सिल्वर ब्लेज़?"

"सिल्वर ब्लेज़ के मुकाबले में पाँच-चार![32]" रिंग से तेज आवाज आयी। "सिल्वर ब्लेज़ के मुकाबले में पाँच-चार! डीसबोराह के मुकाबले में पाँच-पन्द्रह! मैदान पर पाँच-चार![33]"

"घोड़ों को बुलाया जा रहा है।" मैंने चिल्लाते हुए कहा, "वे सभी छहों वहां पर हैं।"

"सभी छहों वहां हैं? तो मेरा घोड़ा दौड़ रहा है।" बड़ी बेचैनी के साथ कर्नल ने कहा। "लेकिन मुझे वह नहीं दिख रहा है। मेरे रंग नहीं गुजरे हैं[34]।"

"अभी पाँच ही गुजरे हैं। यह वही होगा।"

जैसे ही मैंने यह कहा कि लाल-भूरे रंग का एक शक्तिशाली घोड़ा बहुत तेज गति से 'वेइंग-इनक्लोसर[35]' से बाहर आया और काली टोपी, लाल जैकेट में कर्नल के जाने-माने घुड़सवार को अपनी पीठ पर लादे हुए सरपट हमारे सामने से गुजरा।

---

[32] 5-4 के दांव में 2 पौंड लगाने पर यदि किसी आदमी का घोड़ा जीतता है तो उसे (5/4)X2+2= 4.50 पौंड वापस मिलेगा। चूंकि डीसबोराह दूसरी वरीयता का घोड़ा था इसलिए उस पर पहली वरीयता प्राप्त घोड़े की तुलना में लगाया जाने वाला दांव कम होगा जो कि यहाँ 5-15 कहा गया है और इसलिए यदि कोई आदमी उस पर 2 पौंड लगाता है तो डीसबोराह के जीतने पर उसे (5/15)X2+2= 2.66 पौंड वापस मिलेंगे।

[33] मैदान पर पाँच-चार का मतलब है कि मैदान में पाँच-चार का दांव सबसे ज्यादा लगाया गया है।

[34] मेरे रंग वाला घोड़ा और उसका घुड़सवार अभी नहीं गुजरे हैं।

[35] 'वेइंग-इनक्लोसर (weighing enclosure)—रेस कोर्स में वेइंग-पोस्ट के करीब वह घेरा, जिसमें सवार अपने घोड़े के साथ रेसकोर्स पर मौजूद रहता है।

"वह मेरा घोड़ा नहीं है," कर्नल ने रोते हुए कहा, "उस जानवर के शरीर पर एक भी सफेद बाल नहीं है। यह आपने क्या किया है, मिस्टर होम्स?"

"अच्छा, अच्छा, हम देखते हैं कि वह कैसे आगे बढ़ता है," मेरे मित्र ने अविचलित स्वर में कहा। कुछ मिनटों के लिए वह मेरी दूरबीन से टकटकी लगाकर देखता रहा। "बढ़िया! एक बेहतरीन शुरुआत!" वह अचानक चिल्लाया। "वे वहां हैं, मोड़ के पास अपने नियमित पथ पर!"

जब वे सीधे नजदीक आये थे उस समय हमने हमारे ड्रैग से एक बेहतरीन नजारा किया था। सभी छहों घोड़े इतने करीब थे कि धूल की मोटी परत ने उन्हें ढंक ही लिया था, लेकिन आधा रास्ता पार होने पर मैपल्टन अस्तबल का पीला घुड़सवार सामने आता दिखाई दिया। हालांकि, इससे पहले वे हम तक पहुँच पाते डीसबोराह इसके सवार के काबू से बाहर हो गया और कर्नल का घोड़ा, तेजी से झटपट आगे आते हुए, छह लेंथ[36] के अच्छे फासले से अपने प्रतियोगी से पहले पोस्ट[37] से होकर गुजरा। बालमोराल के ड्यूक का आइरिस तीसरे स्थान पर रहा था।

"किसी भी प्रकार से, यह दौड़ मेरी है," अपनी आँखों पर अपने हाथ को ले जाते हुए, कर्नल ने धक होते हुए कहा। "मैं कबूल करता हूँ कि मैं इस प्रकरण का न ही आदि और न ही अंत समझ सकता हूँ। क्या आपको नहीं लगता है कि आप ने अपने राज को काफी लम्बा खींच दिया है, मिस्टर होम्स?"

"निश्चित रूप से, कर्नल, आप हर एक बात जान जायेंगे। हम सब घूम कर चलते हैं और इकट्ठे उस घोड़े को एक नजर देखते हैं। यहाँ यह है," जैसे ही हम लोगों ने 'वेइंग-इनक्लोसर'—जहाँ केवल घोड़ों के मालिकों और उनके दोस्तों को जाने की अनुमति होती है— में अपना रास्ता तय किया

---

[36] लेंथ (length)—रेस के दौरान प्रतिस्पर्धी से होने वाली दूरी की वह इकाई जिससे जीत के फासले को आँका जाता है।

[37] पोस्ट (post)—रेस के खत्म होने की जगह

उसने अपनी बात जारी रखते हुए कहा। “आपको केवल उसका चेहरा और उसकी टांग शराब के मद्यसार से साफ़ करनी होगी और आप देखेंगे कि यह हमेशा से आपका वही पुराना सिल्वर ब्लेज़ है।”

“आपने तो मेरा दम ही निकाल दिया!”

“मुझे वह एक जालसाज के हाथ में मिला था और, जैसे ही वह भेजा गया मैंने स्वेच्छा से उसे दौड़ में सम्मिलित करा दिया।”

“माय डिअर सर, आपने आश्चर्यजनक काम किये हैं। घोड़ा पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त दिखाई देता है। यह अपनी जिन्दगी में इससे बेहतर कभी नहीं रहा था। आपकी काबिलियत पर संदेह करने के लिए मैं हजार बार आपसे माफ़ी मांगता हूँ। मुझे मेरा घोड़ा दुबारा दिलाकर आपने मेरी बहुत बड़ी सेवा की है। इससे भी बड़ी सेवा अभी आप मेरी करेंगे यदि जॉन स्ट्रेकर के हत्यारे को आप खोज निकालते हैं।”

“मैं ऐसा कर चुका हूँ,” होम्स ने शांतिपूर्वक कहा।

कर्नल और मैंने आश्चर्य से उसे देखा। “आपने उसे खोज लिया है! तो फिर वह कहाँ है?”

“वह यहीं हैं।”

“यहाँ! कहाँ?”

“इस क्षण मेरे साथ है।”

कर्नल गुस्से से लाल हो गये। “मैं पूरी तरह से मानता हूँ कि मैं आपके एहसान के नीचे दबा हूँ, मिस्टर होम्स,” उन्होंने कहा, “किन्तु आपने अभी जो कहा है उसे मैं या तो एक बहुत ही भद्दा मजाक या फिर एक अपमान मानूंगा।”

शरलॉक होम्स हंसा। "कर्नल, मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मैंने किसी अपराध से आपके जुड़े होने की बात नहीं कही है," उसने कहा। "असली हत्यारा ठीक आपके पीछे खड़ा है।" वह आगे बढ़ा और उसने अपने हाथ को उस कुलीन घोड़े की चमकीली गर्दन पर रख दिया।

"घोड़ा!" मैं और कर्नल, दोनों ही एक साथ चीख पड़े।

"हाँ, घोड़ा। और यदि मैं कहता हूँ कि यह बचाव में किया गया था तो इससे इसका अपराध कम हो सकता है, और यह कि जॉन स्ट्रेकर एक ऐसा आदमी था जो आपके भरोसे के लिए पूरी तरह से नाकाबिल था। लेकिन अब घंटी बज रही है, और जैसा कि इस अगली दौड़ में थोड़ी रकम जीतने

के लिए मैं खड़ा हूँ, मैं इस लम्बी व्याख्या को ज्यादा उपयुक्त समय के आने तक के लिए टालूँगा।"

***

उस शाम 'पुलमैन-कार[38]' का एक कोना हम लोगों ने खुद के लिए ले लिया था क्योंकि हम वापस लन्दन लौट रहे थे, और मेरा सोचना है कि यह सफर कर्नल रॉस के साथ ही साथ मेरे लिए भी एक छोटा सफर था जब हम हमारे साथी की उस विवरणात्मक कहानी—की घटनाओं, जो उस सोमवार की रात को डार्टमूर के प्रशिक्षण अस्तबल में घटित हुयी थीं, और साधनों, जिनसे उसने उन्हें सुलझाया था—को सुन रहे थे।

"मैं स्वीकार करता हूँ," उसने कहा, "कि अख़बारों की रिपोर्ट से मैंने जो कोई सिद्धांत बनाये थे वे पूरी तरह से गलत थे। परन्तु फिर भी वहां ऐसे संकेत थे, जो दूसरे अन्य ब्यौरों, जिन्होंने उनके सच्चे अर्थ को छिपाया था, से दब नहीं पाए थे। मैं इस दृढ़विश्वास के साथ डिवनशीयर गया था कि फिट्जरो सिम्पसन ही असली दोषी था, हालांकि, निश्चित तौर पर, मैंने देखा था कि उसके खिलाफ जो साक्ष्य था वह कहीं से भी पूर्ण नहीं था। उस समय, जब मैं बग्घी में बैठा था, जैसे ही हम प्रशिक्षक के घर पहुंचे थे कि उस मटन-करी का बहुत बढ़िया अभिप्राय मुझे सूझ गया था। तुम स्मरण कर सकते हो कि मैं ख्यालों में खोया था और तुम सब के उतरने के बाद भी बग्घी में ही बैठा रहा था। मुझे अपने खुद के दिमाग पर आश्चर्य हो रहा था कि इतने सुस्पष्ट सूत्र को कदाचित मैं कैसे अनदेखा कर सकता था।"

"मैं स्वीकारता हूँ,"कर्नल ने कहा, "कि अभी भी मैं नहीं समझ सकता हूँ कि यह[39] हमारी सहायता कैसे करता है।"

---

[38] पुलमैन-कार (Pullman car)—रेल का वह डिब्बा जिसमें दिन अथवा रात के सफर के लिए सोने और खाने की ख़ास व्यवस्था हुआ करती है।

[39] मटन-करी

"मेरे तर्क की श्रृंखला में यह पहली कड़ी थी। अफीम का चूर्ण बिलकुल भी बेस्वाद नहीं होता है। इसका स्वाद अरुचिकर नहीं होता है, परन्तु यह इन्द्रियगोचर है। यदि इसे किसी सामान्य व्यंजन में मिलाया गया होता, तो खाने वाले को निस्संदेह रूप से इसका पता चल जाता और सम्भवतः वह इसे और नहीं खाता। करी ठीक-ठीक वह माध्यम थी, जो इसके स्वाद को छिपा सकती थी। कोई भी संभावित जरिया नहीं सोचा जा सकता है जिससे यह अजनबी, फिट्जरो सिम्पसन, उस रात प्रशिक्षक के परिवार में करी के परोसे जाने का कारण बन सकता था, और निश्चित रूप से यह मानना भी बहुत ही ज्यादा अप्राकृतिक संयोग होगा कि वह घटना की रात को अफीम का चूर्ण लेकर उस समय आया था जब उस व्यंजन को परोसा जाना था जो स्वाद को छिपा सकता था। यह बात सोच से परे है। इसलिए सिम्पसन इस मामले से बाहर हो जाता है, और हमारा ध्यान स्ट्रेकर और उसकी पत्नी पर केंद्रित हो जाता है, एकमात्र रूप से यही दो लोग थे, जो उस रात के रात्रि-भोज के लिए मटन-करी का चयन कर सकते थे। अफीम को तब मिलाया गया था जब साईस-लड़के के लिए व्यंजन को बचा कर अलग किया गया था, क्योंकि बाकी अन्य लोगों ने भी बिना किसी दुष्प्रभाव के वही रात्रिभोज लिया था। तो उनमें से ऐसा कौन था जो नौकरानी की नजरों में आये बिना उस व्यंजन तक पहुँच रखता था?"

"इस प्रश्न को तय करने से पहले मैंने कुत्ते की चुप्पी का महत्व समझ लिया था, क्योंकि एक सही अनुमान सर्वदा दूसरे अन्य अनुमानों को सुझाता है। सिम्पसन की घटना ने मुझे स्पष्ट कर दिया था कि एक कुत्ता अस्तबल में रखा गया था। परन्तु फिर भी, जब कोई अंदर आया और एक घोड़ा लेकर बाहर गया, तो वह इतना नहीं भौंका था कि अटारी पर सो रहे दो लड़कों को जगा सके। सुस्पष्ट है कि मध्य रात्रि का यह आगन्तुक कोई ऐसा व्यक्ति था, जिसे कुत्ता अच्छी तरह से जानता था।

"मुझे पहले ही विश्वास हो गया था या लगभग विश्वास हो गया था, कि जॉन स्ट्रेकर रात की सुनसान बेला में अस्तबल गया था और सिल्वर ब्लेज़

को बाहर निकाल कर ले गया था। किस उद्देश्य की पूर्ति के लिये? स्पष्ट है कि उसका उद्देश्य बेईमानी भरा था, अन्यथा वह अपने ही साईस-लड़के को बेहोशी की दवा क्यों देना चाहेगा? परन्तु अभी भी मैं अनिश्चित था क्यों? अब तक ऐसे कई मामले पहले आ चुके हैं जहाँ प्रशिक्षकों ने अपने घोड़ों पर एजेंटों के जरिए बड़ी धनराशि लगवाई और फिर धोखे से उन घोड़ों को जीतने से रोक कर निस्संशय रूप से बड़ी रकम इकट्ठा की थी। कभी-कभी यह लगाम खींचने वाला जॉकी होता है। तो कभी यह कोई पक्का और बारीक साधन होता है। यहाँ क्या था? मैंने उम्मीद की थी कि उसकी जेब के अंदर रखी चीजें, एक निष्कर्ष निकालने में मेरी सहायता कर सकती थीं।

"और उन्होंने ऐसा ही किया। आप उस मृत व्यक्ति के हाथ में मिले उस विशेष चाकू को भूले नहीं होंगे, एक ऐसा चाकू जिसे कोई स्वस्थचित्त का आदमी निश्चित तौर पर एक हथियार के रूप में नहीं चुन सकता था। जैसा कि डॉक्टर वॉटसन ने हमें बताया था कि यह एक खास किस्म का चाकू है, जो शल्य-चिकित्सा में बेहद ही संवेदनशील समझी जाने वाली शल्यक्रियाओं में इस्तेमाल किया जाता है। और उस रात इसका इस्तेमाल एक बहुत ही बारीक शल्यक्रिया के लिये किया जाना था। कर्नल रॉस, आपको आपके घुड़दौड़ के मैदान के मामलों के विस्तृत अनुभव से पता होगा कि एक घोड़े की रान की नस के ऊपर एक बहुत ही छोटा छेद करना, और इसे त्वचा के नीचे करना ताकि बिलकुल भी कोई भी सुराग न छूटे, एक मुमकिन काम है। एक घोड़ा जिसके साथ ऐसा किया गया हो उसमें थोड़ी लंगड़ाहट पैदा हो जायेगी, जिसे अभ्यास में एक तनाव या हलकी सूजन मान लिया जाएगा, लेकिन कभी भी इसकी वजह बेईमानी नहीं समझी जाएगी।"

"दुष्ट! बदमाश!" कर्नल ने चिल्लाते हुए कहा।

"यहाँ हमारे पास यह व्याख्या है कि जॉन स्ट्रेकर घोड़े को बाहर मूर में क्यों ले जाना चाहता था। ऐसा प्राणी जो इतना जोशीला था जब वह चाकू

की चुभन महसूस करता तो निश्चित रूप से सबसे गहरी नींद में सोने वालों को भी जगा देता। यह अपरिहार्य रूप से जरूरी था कि इस शल्यक्रिया को खुली जगह पर किया जाए।"

"मैं अँधा था!" चिल्लाते हुए कर्नल ने कहा। "अवश्य ही यही कारण है कि क्यों उसे एक मोमबत्ती की जरूरत थी और क्यों उसने माचिस जलाई थी।"

"निस्संदेह रूप से। लेकिन उसकी चीजों की जांच करने के दौरान मैं पर्याप्त रूप से भाग्यशाली रहा कि मैं न केवल अपराध करने के तरीके बल्कि इसके उद्देश्य का पता लगा सका। बतौर एक तजुर्बेकार आदमी कर्नल, आप जानते हैं कि लोग दूसरों के बिलों को अपनी जेबों में लेकर नहीं चलते हैं। हमारे पास निपटाने के लिए हमारे खुद के ही काम इफरात होते हैं। मैंने तुरंत ही यह निष्कर्ष निकाला कि स्ट्रेकर एक दोहरा जीवन जी रहा था और उसने दूसरा घर रखा था। बिल की प्रकृति दिखाती थी कि इस मामले में एक औरत थी, जिसके महंगे शौक थे। जितना आप अपने नौकरों से उदार हैं उससे तो कोई मुश्किल से ही इस बात की अपेक्षा कर सकता है कि वे अपनी बीवियों के लिए बीस गिन्नी की टहलने की पोशाकों को खरीद सकते हैं। बिना मिसेज स्ट्रेकर को मालूम हुए मैंने उससे पोशाक के बारे में सवाल पूछा था, और खुद संतुष्ट हो जाने पर कि यह कभी उन तक नहीं पहुंची थी, मैंने मिलीनर के पते को नोट किया और मैंने यह महसूस किया कि वहां स्ट्रेकर की फोटो के साथ जाकर मैं आसानी से इस काल्पनिक डर्बीशीयर का अंत कर सकता था।"

"उस समय के बाद से सब कुछ साफ़ हो गया। स्ट्रेकर घोड़े को एक ऐसे खंदक में ले गया था जहाँ उसकी रोशनी अदृश्य हो जाए। भागते समय सिम्पसन ने अपना गुलुबन्द गिरा दिया था, और स्ट्रेकर ने—कुछ सोचकर, शायद, यह कि वह इसे घोड़े की टाँग में कसकर बाँधने के काम के लिए इस्तेमाल कर सकता था--इसे उठा लिया था। एक बार खंदक में पहुँचने पर, वह घोड़े के पीछे गया और रोशनी जलाई; लेकिन इस अचानक रोशनी

से यह प्राणी भयभीत हो गया, और जानवरों के अद्भुत सहजज्ञान की भावना कि किसी खुराफात के किये जाने का इरादा किया गया था, उसने बहुत जोर से प्रहार किया, और स्टील की नाल की मार स्ट्रेकर के माथे पर पड़ी। उसने पहले से ही, बारिश होने के बावजूद, अपने ओवरकोट को अपने बारीक काम के चलते उतार दिया था, और फिर, जैसे ही वह गिरा, उसकी चाकू ने उसकी जांघ में गहरा घाव कर दिया। क्या मैंने बात साफ़ कर दी है?"

"अद्भुत!" कर्नल चिल्लाया "अद्भुत! मानो आप वहीं रहे हों।"

"मैं मानता हूँ कि मेरा अंतिम शॉट बहुत ही दूर का था। मुझे यह बात खटकी कि स्ट्रेकर–जैसा चतुर आदमी बिना थोड़ा अभ्यास किये रान पर छेद करने के इस बारीक काम को करने का बीड़ा नहीं उठा सकता था। वह किस पर अभ्यास कर सकता था? मेरी नजर भेड़ों पर पड़ी, और मैंने एक सवाल पूछा जिसने, यह वास्तव में मेरे लिए एक चौंकाने वाली बात थी, मुझे दिखा दिया कि मेरा अंदाजा सही था।

"जब मैं लन्दन लौटा तो मैंने उस मिलीनर को बुलाया, जिसने स्ट्रेकर को डर्बीशीयर के नाम से एक बहुत अच्छे ग्राहक के रूप में पहचान लिया था, जिसकी एक बहुत ही खूबसूरत पत्नी थी जो महंगे कपड़ों को बहुत पसंद करती थी। मुझे संदेह नहीं रह गया कि यह औरत उसे कान और सिर के ऊपर तक कर्ज में डुबो चुकी थी, और जिस वजह से उसे यह घटिया योजना बनानी पड़ी थी।"

"सिर्फ एक बात को छोड़कर आपने सारी बातों की व्याख्या कर दी है," कर्नल ने कहा, "घोड़ा कहाँ था?"

"आह, यह बोल्ट से बंधा था, और आपके पड़ोसियों में से एक बड़े प्यार से इसकी देखभाल कर रहा था। इस बारे में हमें क्षमा दे देनी चाहिए। मैं समझता हूँ। यदि मैं गलती नहीं कर रहा हूँ, तो यह क्लैफम जंक्शन है, और दस मिनटों के भीतर हम विक्टोरिया पर पहुँच जायेंगे। कर्नल, यदि आप

हमारे कमरे पर सिगार पीना चाहें, तो मुझे आपको कोई भी अन्य जानकारी, जिसमें आपकी दिलचस्पी हो, देने में ख़ुशी होगी।”

~समाप्त~

हमसे संपर्क बनाए रखने के लिए हमारे ऑफिशियल फेसबुक पेज को लाइक करें:
https://www.facebook.com/worldclassicsinhindi/